हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 जनवरी 2024

04 धर्मः पहले भगवान परीक्षा लेते हैं, फिर भक्त ...



07 जो काम हमारे विभाग के नहीं वे भी हमसे करवा ...





### सहकारिता व खेल मंत्री विश्वास सारंग ने 7 मार्च को होने वाले शिवपुराण को लेकर दिए दिशा-निर्देश

# कुबेरेश्वरधाम आने वाले श्रद्धालुओं को नहीं होगी दिक्कत, 2.63 करोड़ से बनेगी सड़क

विश्वास सारंग ने सात मार्च से होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण की तैयारियों के विषय में विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर व कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट कर आशीर्वाद लिया और आगामी सात मार्च से होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण की तैयारियों के विषय में यहां पर विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की। मंत्री सारंग आगामी दिनों में होने वाली तैयारियों का निरीक्षण किया था। जहां उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, श्रद्धालुओं के कथा स्थल तक पहुंचने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। रविवार को कुबेरेश्वरधाम जाने वाले मार्ग के भूमि पूजन भागवत भूषण पंडित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं विकास विभाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत एनएच-86 पचपिपालिया कुबेरेश्वरधाम मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.13 किमी लागत करीब दो करोड़ 63 लाख से निर्माण कार्य होना है। इस मौके पर भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद लोकसभा क्षेत्र विदिशा, सीहोर विधायक सुदेश राय, जनपद अध्यक्ष राबडी बाई सुर सिंह बारेला के द्वारा की जाएगी। सड़क मार्ग खस्ताहाल होने के कारण यहां पर आने वाले भक्तों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इस समस्या का समाधान आगामी दिनों में हो जाएगा, क्योंकि आगामी सात मार्च से होने वाले भव्य आयोजन को लेकर विठलेश सेवा समिति के जिला प्रशासन सहित आस-पास के ग्रामीणों ने तैयारियां शुरू कर दी है। भव्य आयोजन में देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने आएंगे। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव में लाखों की संख्या में पूर्ण विधि-विधान से रुद्राक्षों का अभिषेक किया जाएगा। इसका वितरण कथा के दौरान नहीं किया जाएगा। शिव पुराण कथा में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना शनिवार को कुबेरेश्वरधाम पहुंचे मंत्री सारंग ने विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों से आगामी दिनों में होने वाले भव्य कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, आशीष वर्मा सहित अन्य ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के रुकने सहित भोजन आदि की व्यवस्था की है।

#### शिव पुराण कथा में जुटते हैं लाखों श्रद्धालु

शिव पुराण कथा में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना है, ऐसे में यातायात अमले के लिए ट्रैफिक का मैनेजमेंट आदि की व्यवस्था करना है। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग ने पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी से चर्चा की। पुलिस महकमे ने भी ट्रैफिक प्लान को लेकर गहन मंथन कर बाकायदा पार्किंग से लेकर वाहनों की आवाजाही तक का लेकर रूट मैप तैयार किया है। कथा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का अनुमानित आंकड़ा ही पांच लाख से 10 लाख से ज्यादा होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में कोई अव्यवस्था ना हो और यातायात सुचारू रूप से रहे इसी के मद्देनजर ट्रैफिक प्लान को तैयार किया जाए।

#### कुबेरेश्वरधाम पर बनेगी पुलिस चौकी

कुबेरेश्वरधाम पर हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर दर्शन करने आते हैं, इसके अलावा धाम पर पूरे साल भव्य आयोजन होते हैं, जिसमें अन्नकूट महोत्सव, गुरुपूर्णिमा महोत्सव, कावड़ यात्रा और भव्य रुद्राक्ष महोत्सव आदि शामिल है। इसलिए मंदिर परिसर के आस-पास पुलिस सहायता, पुलिस चौकी की व्यवस्था को लेकर भी यहां पर मौजूद मंत्री सारंग ने पुलिस अधीक्षक अवस्थी को दिशा-निर्देश प्रदान किए।

#### मंदिर परिसर में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम

कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगा रहता है। इस मौके पर शनिवार को प्रदेश के मंत्री श्री सारंग के साथ दर्शन करने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सप्ताह में दो दिन नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ-सफाई की जाएगी। इसके अलावा भव्य आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम की बात कही।

### खबर संक्षेप

#### बाइक रेलिंग से टकराई, चालक की मौत

**सीहोर।** शुक्रवार शाम अमलाहा के बस स्टैंड के पास इंदौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर रैलिंग से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के कानपुर निवसी अभिषेक राठौर इंदौर में नौकरी करता था। बताया जाता है कि गुरुवार शाम अभिषेक अपनी बाईक से दोराहा निवासी आशा मीना के साथ दोराहा जा रहा था, तभी अमलाहा के समीप बस स्टैंड पर उसकी बाईक रैलिंग से टकरा गई। इस हादसे में अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती आशा को गंभीर चोटें आई हैं।

#### 16 तक पुणे में होगा राष्ट्रीय युवा उत्सव

**सीहोर।** राष्ट्रीय युवा उत्सव-2023 पुणे में 16 जनवरी तक होगा। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी जैसी 8 विधाओं का आयोजन वर्चुअली किया जाएगा। युवा उत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होना चाहिए।

#### मतदाता सूची का प्रकाशन 8 फरवरी को

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचन नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरु हो गई हैं। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया था। इसके बाद से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## कक्षा 9 और 11वीं की 6 से 23 मार्च तक होगी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षा 6 मार्च से शुरु होकर 23 मार्च तक चलेगी। ज्यादातर पेपर राज्य स्तर से जारी किए जाएंगे। हालांकि कुछ पेपर जिला स्तर पर भी बनाए जाएंगे। जो पेपर राज्य स्तर से आएंगे उनकी सूची भी जारी कर दी गई है। बता दें कि कक्षा 9 की परीक्षा 6 मार्च से शुरु होगी। पहला पेपर हिंदी का होगा और 23 मार्च को आखिरी पेपर विज्ञान का होगा। परीक्षा दोपहर 2 से 5 बजे के बीच होगी। प्रैक्टिकल परीक्षा और प्रोजेक्ट वर्क भी परीक्षा के बीच की तारीखों में ही कराना होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। किसी भी परीक्षार्थी को 1.45 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले विद्यार्थियों को कॉपी और 5 मिनट पहले पेपर दे दिए जाएंगे। वहीं कक्षा 11वीं की परीक्षा 6 मार्च को राजनीति विज्ञान के पेपर के साथ शुरू हो जाएंगी। 23 मार्च को आखिरी पेपर अंग्रेजी का होगा।

#### शासकीय महिला पॉलीटेकनिक कॉलेज में स्वरोजगार मेला संपन्न, 200 से अधिक युवाओं ने लिया भाग

**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलीटेकनिक कॉलेज में गत दिवस स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 200 से अधिक युवक युवतियों ने भाग लिया। मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उद्यानिकी विभाग, एनआरएलएम खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अरुण शर्मा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अशोक श्रीवास्तव, शासकीय महिला पॉलीटेकनिक कॉलेज के प्राचार्य पंकज जैन सहित स्वरोजगार योजना संचालित करने वाले विभिन्न विभागों एवं बैंकों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति, वितरण पत्र वितरित किए गए।

#### 26 जनवरी समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड पर होगा

**सीहोर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 का समारोह की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दायित्वों सौंपे गये। प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवार ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने एवं कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से मनाये जाने के लिए अधिकारियों को कार्य सौंपे गये हैं। उनमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तन्मय वर्मा, गणतंत्र दिवस समारोह की समस्त व्यवस्था के प्रभारी होंगे। तहसीलदार भारत नायक एवं प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख स्मिता भूषण कार्यक्रम स्थल ध्वजारोहण स्थल,मंच पर कानून व्यवस्था,बैठक व्यवस्था के प्रभारी होंगे। प्रभारी कलेक्टर तिवारी ने अन्य कार्यक्रम के तहत प्रचार-प्रसार एवं पत्रकारों की व्यवस्थाओं के लिए सहायक संचालक देवेन्द्र ओगारे देखेगें, अन्य व्यवस्थाओं के लिए जिला श्रम अधिकारी प्रियंका वंशीवाल, सहा. संचालक, पिछड़ा वर्ग अल्प संख्यक दिव्या राय, , नायब तहसीलदार रिया जैन, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंघल, श्रम निरीक्षक अजय साहू, सहा. परि. देवेन्द्र सक्सेना, महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अशोक श्रीवास्तव एवं प्राचार्य शास. आवासीय आलोक शर्मा, को सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकी प्रदर्शनी की व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। इसके साथ ही उप पंजीयक सुधीर कैथवास, जिला खनिज अधिकारी राजेन्द्र परमार, कृषि सेक्टर के लिए उपसंचालक के.के. पाण्डे, जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे, प्र. सहायक संचालक, मत्स्योद्योग प्रियंक श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया, एवं कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस मय चिकित्सा दल सहित उपस्थित रहेंगे।

## अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों का पैसा खाया तो सस्पेंड कर दूंगा, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मंच से दी चेतावनी

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए करण सिंह वर्मा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जिले के ग्राम पंचायत खैरी पहुंची। यात्रा में मध्य प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सम्मिलित हुए। इसी दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों से एक भी पैसा लिया तो छोड़ूंगा नहीं, सस्पेंड कर दूंगा। कार्यक्रम बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से शेष रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।

यात्रा के दौरान कार्यक्रम में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं है। अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं गांव-गांव पहुंच कर पात्रतानुसार हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं।

राजस्व मंत्री ने कहा कि दूर-दराज के नागरिकों को जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इस यात्रा में प्रचार माध्यमों से शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूरस्थ गांवों और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है। योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### श्री रामचरित लीला का आयोजन 16 को

**सीहोर।** 22 जनवरी 2024 को श्रीराममंदिर आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पूर्व श्री रामकथा के विशिष्ट चरितों पर आधारित श्रीरामचरित लीला का आयोजन 16 जनवरी को सायं 6 बजे टाउन हॉल आयोजित होगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यक्रम का आयोजन राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार सुव्यवस्थित किया जाए।

## अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर जिले में होंगे विभिन्न आयोजन

**सीहोर।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा सम्बन्धी आयोजन के दृष्टिगत जिले में 16 से 22 जनवरी, तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन। और समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित राज्य शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए कहा गया है। इस संबंध में राज्य शासन के घार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव ने प्रदेश के समस्त कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं।



जिले में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि जिले के नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाए। मुख्य मंदिरों में टीव्ही स्कीन लगाकर अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट, समिति के द्वारा भण्डारों का आयोजन किया जाये। इस सम्बंध विभिन्न धर्मगुरूओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जाये। प्रत्येक जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट, समिति के माध्यम से आयोजित किए जाएं। जारी आदेश में कहा है कि सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गायों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी, के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जावे। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा की जाए और शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की जावें। जिले में संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यक्रम आयोजित किये जावे। अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान,/स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीयजनों के सहयोग से सुनिश्चित की जाए।

### जलियांवाला बाग की तरह बरबर्तापूर्ण थी सीहोर की घटना

# 14 जनवरी के दिन 356 क्रांतिकारियों ने दी थी शहादत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति को भारतीय इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में देखा जाता है। मेरठ से 10 मई 1857 को सैनिक विद्रोह के रूप में शुरू हुई इस क्रांति ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। ब्रिटिश शासन के खिलाफ लोगों में असंतोष फैलता गया और धीरे धीरे इस आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया। पूरे देश के साथ ही मध्य भारत में भी अंग्रेजी हुकूमत ने इस विद्रोह को दबाने के लिए अनेक क्रांतिकारियों को गोली से भून दिया।

अंग्रेजी शासन के खिलाफ मध्य भारत में चल रहे विद्रोह में सीहोर की बरबर्तापूर्ण घटना को जलियांवालाबाग हत्याकांड की तरह माना जाता है। दस मई 1857 को मेरठ की क्रांति से पहले ही सीहोर में क्रांति की ज्वाला सुलग गईं थी। मेवाड़, उत्तर भारत से होती हुई क्रांतिकारी चपातियां 13 जून 1857 को सीहोर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच गयी थी।

एक अगस्त 1857 को छावनी के सैनिकों को नए कारतूस दिए गए। इन कारतूसों में सूअर और गाय की चर्बी लगी हुई थी। जांच में सुअर और गाय की चर्बी के उपयोग की बात सामने आने पर सैनिकों में आक्रोश और बढ़ गया। सीहोर छावनी के सैनिकों ने सीहोर कॉन्टिनेंट पर लगा अंग्रेजों का झंडा उतार कर जला दिया और महावीर कोठ और वलीशाह के संयुक्त नेतृत्व में स्वतंत्र सिपाही बहादुर सरकार का ऐलान किया। जनरल ह्यूरोज को जब सीहोर की क्रांतिकारी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने इसे बलपूर्वक कुचलने के आदेश दिए।

सीहोर में जनरल ह्यूरोज के आदेश पर 14 जनवरी 1858 को सभी 356 क्रांतिकारियों को जेल से निकालकर सीवन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी चांदमारी मैदान में लाया गया। इन सभी क्रांतिकारियों को एक साथ गोलियों से भून दिया गया था।

जनरल ह्यूरोज इन क्रांतिकारियों के शव पेड़ों पर लटकाने के आदेश दिए और शवों को पेड़ों पर लटकाकर छोड़ दिया गया था। दो दिन बाद आसपास के ग्रामवासियों ने इन क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ से उतारकर इसी मैदान में दफनाया था। मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को बड़ी संख्या में नागरिक सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर स्थित शहीदों के समाधि स्थल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भीं

**पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें**

सागर - श्री राघवेन्द्र दुबे - हरिभूमि कार्यालय- अदिति गैस एजेंसी के पास अग्रवाल बिल्डिंग सिविल लाईन सागर, मोबाईल नं.- 9302910899
अशोकनगर- मनोज जैन जिला ब्यूरो चीफ- हरिभूमि कार्यालय-वार्ड नं. 20 नई आबादी महावीर कॉलोनी अशोकनगर मोबाईल नं. - 9406961883
खंडवा- गोपाल राठौर- हरिभूमि कार्यालय- दुकान नंबर 09 श्री गुरूगोबिंद सिंह मार्केट वत्सला विहार सिविल लाइन खंडवा जिला खंडवा पिन कोड -450001 मोबाईल नं.- 7697652222
राजगढ़- सुनील गोले-हरिभूमि कार्यालय- पुरानी तहसील के पास, पारायण चौक, राजगढ़ मोबाईल नं.- 9407596600
सिरोंज- राजीव जैन सैनानी- हरिभूमि कार्यालय- ढाल बाजार सिरोंज मोबाईल नं.- 9826821405
गंजबासौदा- राजा छारी- हरिभूमि कार्यालय- महावीर विहार के पास मिल रोड गंजबासौदा मोबाईल नं.- 9993766686
इटारसी- भूपेन्द्र विश्वकर्मा- हरिभूमि कार्यालय- नगर पालिका कॉम्प्लेक्स लक्कडगंज, इटारसी मोबाईल नं.- 9300263480
ब्यावरा- मुकेश शर्मा- हरिभूमि कार्यालय- मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार के पास, हरीश राठौर का मकान, ब्यावरा, जिला राजगढ़ मोबाईल नं.- 9425380751
शिवपुरी- अशफाक खान- हरिभूमि कार्यालय- पुरानी शिवपुरी रोड, जैन दूध डेयरी के सामने शिवपुरी म.प्र. मोबाईल नं.- 8871534001
नर्मदापुरम्- सुरेश राजपूत- हरिभूमि कार्यालय- भारत पेपर मार्ट के ऊपर, कोठी बाजार, कलेक्टर ऑफिस रोड, नर्मदपुरम् मोबाईल नं.- 9406929830
सीहोर- जुगल पटेल- हरिभूमि कार्यालय- डीसीएम हाईट होटल, फस्ट फ्लोर, नियर फौजी होटल के पास, इंग्लिशपुरा सीहोर मोबाईल नं.- 9755123812
विदिशा- अटल तिवारी- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय- सिटी टावर निकासा विदिशा मोबाईल नं.- 9425422701
गुना- मनीष तिवारी- हरिभूमि कार्यालय- गायत्री मंदिर के सामने जिला गुना मोबाईल नं.- 9584614174

**नोट - कूपन फार्मेट 31 जनवरी 2024 तक जमा किये जावेंगे।**

खबर संक्षेप




## आबकारी एक्ट में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी सीहोर सुश्री पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में बिलकिसगंज पुलिस ने आबकारी एक्ट में फरार एक वारंटी को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है ।आज दिनांक 13/01/2024 को बिलकिसगंज पुलिस मुखबीर से प्राप्त सूचना पर 34(2) आबकारी एक्ट में फरार स्थाई वारंटी राजू कोरकू पिता धरम सिंह निवासी ग्राम मुवाड़ा को पकड़ने थाना प्रभारी थाना बिलकिसगंज उप निरीक्षक विजय राज सिंह बैस के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सदस्य सहायक उप निरीक्षक सुभाष कटारे, प्रधान आरक्षक सुरेश प्रजापति, आरक्षक प्रमोद गढ़पाल तथा आरक्षक अर्पण कुल्हारे उसके ग्राम मुवाडा पहुँचे, तो वारंटी ने पुलिस को देखकर घर की खिड़की से कूदकर ने भागने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता प्राप्त की ।

### कस्बा स्थित हनुमान फाटक मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा

# धर्मः पहले भगवान परीक्षा लेते हैं, फिर भक्त बनाते हैंः पं. रविशंकर तिवारी

श्रद्धालुजनों के मध्य भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि महाभारत समाप्ती के उपरांत श्रीमद भागवत कथा की रचना भगवान गणेश और वेद व्यास महाराज के द्वारा की गई इसी दिन से संवत शुरू होता है और हमारे नूतन वर्ष का प्रारंभ होता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हनुमान फाटक मंदिर परिसर कस्बा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराते हुए भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने भक्ति की पराकाष्ठा बताते हुए कहा की भगवान की भक्ति सहज में नहीं मिलती है भगवान पहले भक्त की खूब परीक्षा लेते है लोहे से सोने जैसा पवित्र पावन भक्त बनाने के लिए तपाते है इस के बाद अपना आशिर्वाद प्रदान करते है और भगवान की कृपा मिलते हीं भक्त पर सब कृपा वर्षाने लगते है।

श्रद्धालुजनों के मध्य भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि महाभारत समाप्ती के उपरांत श्रीमद भागवत कथा की रचना भगवान गणेश और वेद व्यास महाराज के द्वारा की गई इसी दिन से संवत शुरू होता है और हमारे नूतन वर्ष का प्रारंभ होता है। अंग्रेजी नया साल सभी को याद है परंतू मार्च माह में आने वाला हिन्दू नव वर्ष याद नहीं रहता है जबकी इस दिन से मौसम में बदलाव होता है पतझड़ के बाद पौधों में



फूल खिलते है हमें हमारा ही नव वर्ष मनाना चाहिए। पंडित श्री तिवारी ने धुर्योधन अस्पथामा संवाद सूनाते हुए कहा की दुष्ट कभी अपनी दुष्टता त्यागता नहीं है जब धुर्योधन मरणासन अवस्था में था तो अस्पथामा ने कहा कि आप मुझे सेनापति बनाते तो में पांचों पाडवों को समाप्त कर देता जिस के बाद अस्पथामा ने पाड़वों पुत्रों को मार डाला था। जब अर्जुन ने अस्पथामा को पकड़ा तो उस पापी ने उतरा के गर्भ में ब्राम्हअस्त्र छोड़ दिया था तब भगवान श्री कृष्ण ने उतरा के गर्भ में पहुंचकर शिशु के प्राण बचाए थे। श्री तिवारी ने कहा की कुंती ने भगवान के भक्त अर्जुन को देवकी ने भगवान श्री कृष्ण को और उतरा ने भी भगवान के भक्त को जन्म दिया था यह तीनों मां महान हो गई। पंडित श्री तिवारी ने कहा की भगवान वेद व्यास ने भगवात जी में 18 हजार श्लोक लिखे है। कथा के दौरान भजन नटवर नागर नंदा भजों रे मन गोविंदा पर श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ पंडाल में नाचते दिखाई दिए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा सुननें क लिए पहुंचे।

## मुख्यमंत्री का स्वागत कर सौंपा सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**सीहोर।** म.प्र. शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के एक प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल ने प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन के नेतृत्व में भोपाल स्थित विंध्य कोठी मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर पुष्प माला से स्वागत कर प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों ओर शिक्षकों की लंबित सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग की मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में जिन समस्याओं का उल्लेख कर निराकरण की मांग की उनमे प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों ओर पेंशनरों का वकाया महंगाई भत्ता/प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में जिलों में की गई नियम विरूद्ध वरिष्ठ प्रशासनिक पदों जैसे डीईओ, डीपीसी, एपीसी, बीईओ, बीआरसी पर कनिष्ठ को ज़िले के वरिष्ठ अधिकारियों को नजरंदाज कर दिए उच्च प्रभार के सभी पदों की नियुक्ति निरस्त कर जिले मौजूद स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे प्राचार्य उमावि, प्राचार्य हाईस्कूल, वरिष्ठ व्याख्याता, वरिष्ठ प्रधानाध्यापक को वरिष्ठतानुसार, उच्च प्रशासनिक पदों का प्रभार सौंपना, 35वर्ष पूर्ण करने वाले सभी विभागों के कर्मचारियों को चतुर्थ वेतनमान लागू कराना, शासन के निर्देशानुसार स्थापना, लेखा, भण्डार में तीन वर्ष के अधिक समय से कायंरत कर्मचारियों का प्रभार दूसरे योग्य लोगों को सौंपना, शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों के। आसंजित कर्मचारियों मूल पदस्थ स्थान पर वापस करना तथा डीपीआई,जेडी कार्यालयों में उच्च प्रभार के लंवित शिक्षकों के प्रकरणों को शीघ्र प्रभार सौंपने के आदेश जारी कराना प्रमुख है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने मंत्रालय वल्लभ भवन मेसभी तीस मंत्रियों को उनके कक्ष में जाकर बधाई पत्र के साथ संगठन का 2024 के कैलेण्डर की। प्रति भेंट जिसकी सभी ने सराहना की। संगठन प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल में प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन, महामंत्री सुधीर उपासनी, एसके मालवीय, संदीप गोले, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे मुख्यमंत्री ने ज्ञापन में उल्लेखनीय सभी समस्या का शीघ्र निराकरण का संगठन को आश्वासन दिया जिस हेतु प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने उनका आभार व्यक्त किया।

## वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए गए है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

## संकल्प यात्रा में विकसित भारत की शपथ दिलवाई



**श्यामपुर।** सभी ग्राम पंचायत और शहरों से होती हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को श्यामपुर में पहुंची। जिसमे मुख्य अथिति विधायक सुदेश राय उपस्थित थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शासकीय विभाग की समस्त योजनाओं के स्टाल लगे। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, इंडियन गैस एजेंसी के स्टॉक लगे हुए थे। कार्यक्रम में शासकीय स्कूल की बालिकाओं ने सुंदर सुन्दर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से बात करते हुए कहा। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है। यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। विधायक श्री राय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से बात करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 2-3 दिन पहले ही यात्रा ने अपने 55 दिन पूरे किए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। श्री राय ने कहा, समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं. ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुदेश राय, तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले, नायब तहसीलदार धनजी मालवीय, डॉक्टर भावना दुबे, बीएस देवड़ा, भूपेंद्र पाटीदार युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, नवीन चौहान सरपंच, ललता दांगी जनपत उपाध्यक्ष, दिनेश पाटीदार पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष, खेम राज पाटीदार पूर्व चेयरमैन, परमानंद मीणा जनपत सदस्य, लक्ष्मण सिंह ठाकुर ग्राम पटेल, लक्ष्मीनारायण पाटीदार पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, गोविंद पाटीदार विधायक प्रतिनिधि, विजय हाड़ा, सुरेश खत्री, रमेश पाटीदार, मुकेश कोली, रामस्वरूप आदि रहे मौजूद।

## चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय में युवा दिवस का आयोजन

**सीहोर।** चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार और महाविद्यालय के प्राचार्य शीलचंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। जिसमें उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि भारत की संस्कृतिए दर्शन और योग के माध्यम से दुनिया के सामने भारतीयता को सिद्ध करेंए उसके पश्चात महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने एक ही समय एवं संकेत पर डॉ. मनोज शर्मा के साथ सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास किया। महाविद्यालय के कुंवर सिंह सभागृह में युवा दिवस के आयोजन की दूसरी कड़ी में मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से अनुशासन में रहकर स्वामी विवेकानन्द के विचारों पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाष्वत प्रेरणाष विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में ही स्वामी विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान के वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया साथ ही महाविद्यालय के सभागार में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। दिनांक 12 से 16 जनवरी 2024



तक नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्घाटन भाषण का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक देवेन्द्र कुमार वरवड़े रहे। डॉ. तृप्ता झा, वरूण कुमार सिंह, डॉ. सुशीला पटेल, डॉ. गीता वर्मा, डॉ. अरूण कुमार गौतम, डॉ. रूखसाना अंजुम खान तथा डॉ. कैलाश विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ एनएसएस के स्वयं सेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद का वेदांत और योग को पशिचमी संस्कृति में प्रचलित करने में अहम योगदान है



**सीहोर।** मप्र जन अभियान परिषद सीहोर द्वारा शनिवार को स्वामी विवेकानंद की जयन्ती अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सीहोर के सभाकक्ष सीहोर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश पाठक, सम्पर्क विभाग प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद सीहोर तथा प्रदीप सिंह सेंगर, भगवतशरण लोधी, बीलू भिलवारे, इन्दरसिंह निकुम, विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे। अतिथिगण द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक द्वारा अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया तथा स्वामी जी के आध्यामिक एवं दर्शन के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि राजेश पाठक द्वारा स्वामी विवेकानन्द का जीवन परिचय देते हुए बताया कि योग, राजयोग और ज्ञानयोग जैसे ग्रंथों की रचना करके स्वामी विवेकानंद ने युवा जगत को नई राह दिखाई। स्वामी जी केवल एक संत ही नही बल्कि एक महान देशभक्त, दार्शनिक, वक्ता, विचारक, लेखक भी थे। स्वामी जी के ओजपूर्ण विचार हमेशा से युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं। इसलिए स्वामी जी के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। वेदांत और योग को पश्चिमी संस्कृति में प्रचलित करने में उनका अहम योगदान है। कार्यक्रम का संचालन भगवत शरण लोधी एवं आभार व्यक्त बीलू भिलवारे, विकासखंड समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीप मेंटर्स, छात्र आदि उपस्थित रहे।

## खंडवा गांव में नए पुस्तकालय का शुभारंभ बच्चों का शिक्षा के क्षेत्र में होगा सुधार

**सीहोर।** खंडवा ग्राम में हाल ही में एक नई पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ है, जिसे गाँधी फेलो स्वाती रानी ने सहयोग के साथ बनाया है। इस पुस्तकालय का उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, और इसमें स्वाति रानी के साथ गाँव के मध्यमिक विद्यालय कन्या माध्यमिकशाला खंडवा के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर अपना सक्रिय हिस्सा लिया है।



इस उद्घाटन समारोह में, सरपंच लीलाकिशन मुक्ति, स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश मंडलोई, स्कूल के शिक्षक, और पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर यमीनी वर्मा और गाँधी फेलो स्वाति रानी, तान्या गांधी और हिमानी रावत उपस्थित थे।बच्चों ने इस पुस्तकालय के बनने पर अपनी खुशी व्यक्त की और उन्होंने बताया कि अब उन्हें भी और भी बढ़िया पढ़ाई के साधन मिलेंगे। स्कूल प्रधानाचार्य राजेश मंडलोई ने इस पुस्तकालय से बच्चों के शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति होगी, इस महत्वपूर्ण क्षण में, सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर गाँव के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए सामूहिक प्रयास की सराहना की और उन्होंने इस नए संसाधन को बच्चों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना। बच्चों ने भी इस पुस्तकालय के सहयोग से खुशी व्यक्त की और उन्होंने व्यक्त किया कि इस पुस्तकालय को व्यवस्थित रूप से उपयोग करने का वादा करते हैं।

### राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक के लिए यशराज का चयन



**सीहोर।** शासकीय चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक यशराज चौहान पिता अनिल चौहान का चयन 27 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है। वे नासिक में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यशराज ने समय-समय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से कई सामाजिक कार्य किए है। यशराज ने बताया कि भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक महाराष्ट्र के नासिक में किया जाएगा।इसमें देश के सभी जिले के युवा विभिन्न विधाओं में प्रतिभागी होंगे। राष्ट्रीय युवा उत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यशराज के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस सी गुप्ता रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ कैलाश विश्वकर्मा जिले के वरिष्ठ स्वयंसेवक अभिषेक विश्वकर्मा, शिवानी प्रजापति, अमित शर्मा आशीष एवं आशीष मेवाड़ा व आदित्य ने हर्ष व्यक्त किया।

## शासकीय महाविद्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया युवा दिवस

**भैरूंदा।** शासकीय महाविद्यालय मे स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिती की अध्यक्ष श्रीमती रानी पारस वर्मा ने विवेकानंद जी के छायाचित्र का पूजन एंव माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शूभांरभं किया गया ,पश्चात विविध भारती भोपाल रेडियो के माध्यम से वंदेमातरम गायन तथा मध्यप्रदेश गान एंव मुख्यमंत्री जी का रिकार्डु संदेश का प्रसारण सुना गया एंव सम्पूर्ण प्रदेश मे एक समय एक संकेत पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एंव प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न कराया गया, श्रीमती रानी पारस वर्मा ने विवेकानंद जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला, वरिष्ठ प्राध्यापक डां.एस. एस.मीणा ने अपने उद्बोधन मे लक्ष्य प्राप्ति हेतु एकाग्रता पर ध्यान देने का आह्वान किया महाविद्यालय की प्राचार्य डां. फातिमा खान ने कहा कि संघर्ष से ही लक्ष्य



की प्राप्ति की जा सकती है, कार्यक्रम मे स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता एंव विवेकानंद जी के जीवन पर चित्र प्रर्दशनी, तथा स्वामी जी के शिकागो व्याख्यान के वीडियो का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रर्दशन किया गया पश्चात अंकुरित आहार का वितरण सभी उपस्थित जनो मे किया गया, कार्यक्रम के संयोजक डां.विश्वनाथ कुबड़े के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम संपादित किया गया इस अवसर पर काफी संख्या छात्र- छात्राये एंव महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर माधव आश्रम में हुई पत्रकार वार्ता

# शंकराचार्य मठों में करेंगे बड़े अनुष्ठानः राजेश जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माधव आश्रम में शुक्रवार को अयोध्या में आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल प्रांत मंत्री राजेश जैन ने पत्रकारों के समक्ष देश के साथ पूरे प्रांत में 22 जनवरी सोमवार को होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की।

पत्रकारों के सवालों के उत्तर में श्री जैन ने कहा की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित भगवान श्रीराम और प्राण प्रतिष्ठा महा आयोजन की सभी कांग्रेस नेताओं के द्वारा की जा रही अलोचना से लगाता है की उनकी मति पूर्ण रूप से भ्रष्ट हो गई है। पांच सौ साल बाद सनातन धर्मियों के पूरे होने जा रहे सपने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा महा आयोजन के आमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस ने अपनी हिन्दू विरोधी छबि को उजागर कर दिया है। उन्होने कहा की देश के चारों पीठों के शंकराचार्यो ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महा आयोजन का विरोध नहीं किया है वह अत्याधिक भीड़ के कारण अयोध्या नही जाकर अपने आश्रमों मठों में ही भगवान श्रीराम के दर्शन करने और इस अदभुत महोत्सव को बनाने की तैयारी कर रहे है मठों आश्रमों में विशेष अनुष्ठानों की तैयारियां की जा रही है। प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष के एल शर्मा ने कहा कि आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा।

आप भी प्राण- प्रतिष्ठा अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीतज़्न करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाऐं जाएंगे। शंखध्वनि, घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केन्द्रित रहेंगे। अपने मंदिर में स्थित देवी-देवता का भजन-कीर्तन-आरती-पूजा तथा श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करेंगे। इसके साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांत सह मंत्री सुनील कुमार शर्मा, प्रांत संयोजक सुनील सुडेले, प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, उपाध्यक्ष पंडित मोहित राम पाठक, जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, बजरंगदल संयोजक विवेक राठौर, जिला सह मंत्री कमलेश, जिला कोष अध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला सेवा प्रमुख डॉक्टर गगन नामदेव, परमवीर संधु सहित अन्य विहिप के पदाधिकारी उपास्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने की भाषण प्रतियोगिता

### धार्मिक कार्यक्रम किए जाने पर सम्मानित किया गया

**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मध्य प्रदेश का 12 प्रांतीय अधिवेशन राष्ट्रीयता और आध्यमिंकता 2022 - 2024 का हरदा मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ। माया सिंह प्रांतीय अध्यक्ष, किरण गर्ग प्रांतीय सचिव, प्रमिला जैन क्रांति कौशल अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति में सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीहोर शाखा से अध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल अपनी शाखा की उपाध्यक्ष रजनी बाहेती, प्रतिभा झवर, संगीता राठी , गीता सोडाणी, विनीता सोनी , मंजू अग्रवाल, इन सभी ने हरदा पहुंचकर कार्यक्रम मे भाग लिया। सभी महिलाएं बंगाली थीम बंगाली ड्रेस अप के साथ पहुंची। जहां पर इनकी शाखा द्वारा किये गये उत्कृष्ट सामाजिक कार्य पर इनको कन्या भोज कार्यक्रम, किन्नर सम्मान कार्यक्रम, धार्मिक कार्यक्रम किये जाने पर सम्मानित किया गया। प्रांत प्रमुख प्रतिभा झवर और प्रांतीय महिला सशक्तिकरण से प्रेमलता रूठिया, ममता पितलिया को विशेष सहयोग का पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल और सचिप संध्या विजयवर्गीय ने शाखा की सभी बहनों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर निर्मला व्यास, शशि विजयवर्गीय, पुष्पा सोनी, ज्योति अग्रवाल, मंजू भरतीया, रजनी बाहेती, गीता सोडाणी, संगीता राठी, मंजू अग्रवाल, विनीता सोनी, ज्योति रूटिया, किरण सोनी, सरोज सोनी, आभा कासट, राधा शर्मा, लता खंडेलवाल आदि उपस्थित रही।

### खेत में गाय घुसने और फेंसिंग टूटने की बात पर परिवार के दो पक्षों में बढ़ गया विवाद

# पाड़ली ठाकुर गांव में गोली चलने से एक ही परिवार के दो घायल, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जनपद ब्यावरा के सुठालिया थाना क्षेत्र के पाड़ली ठाकुर गांव में खेत में गाय घुसने को लेकर शुक्रवार सुबह एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बंदूकों से फायर करना शुरू कर दिए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज भोपाल अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घटना सुबह 8 बजकर 30 मिनट से 9 बजे के बीच की है जब जगदीश राजपूत के खेत मे एक मवेशी घुस गई थी, जिसके कारण खेत की फेंसिंग का तार टूट गया। जगदीश सिंह ने सोचा की मेरे खेत में भंवर सिंह ने मवेशी को घुसाया है। इसी समय जब भंवर सिंह गांव के लोगों के साथ आलाव के सामने बैठकर ताप रहे थे। उसी दौरान जगदीश चिल्लाते हुए भंवर सिंह के घर के सामने आया ग्रामीणों ने समझाने की कोशिश भी की पंरतु विवाद बढ़ता ही चला गया और बात फायरिंग तक आ पहुंची। सुठालिया थाना प्रभारी राकेश दामले ने बताया कि आरोपी जगदीश भूपेंद्र और देवेंद्र के खिलाफ धारा 307, 294, 506 और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।



#### इस तरह घटित हुआ पूरा मामला

सुठालिया पुलिस के मुताबिक, पाड़ली ठाकुर गांव के एक ही परिवार के भंवर सिंह और जगदीश राजपूत के बीच खेत में गाय घुसने को लेकर शुक्रवार को सुबह से विवाद हुआ। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया की जगदीश राजपूत ने अपने दो बेटे देवेंद्र और भूपेंद्र के साथ बंदूक से भंवरलाल पर हमला कर दिया। इस दौरान देवेंद्र और भूपेंद्र ने 12 बोर और 315 बंदूक से गोली चलानी शुरू कर दी, जिसमें भंवर सिंह राजपूत , राजेन्द्र सिंह और प्रभा कुंवर को गोली लगी। इसके बाद गोली चलाने वाले जगदीश सिंह और उसके दोनों बेटे देवेंद्र, भूपेंद्र अपने घर के अंदर चले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई इसके बाद तीनों घायलों को बैरसिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान भंवर सिंह की मौत हो गई, जबकि दो लोग राजेन्द्र सिंह और प्रभा कुंवर का इलाज भोपाल के अस्पताल में चल रहा है। उधर पुलिस ने तीनों आरोपी जगदीश राजपूत और उसके दो आरोपी बेटे देवेंद्र राजपूत और भूपेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है।

# जो काम हमारे विभाग के नहीं वे भी हमसे करवा रहा है प्रशासन

### सचिव एवं रोजगार सहायकों ने राज्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिपं की साधारण सभा की बैठक में आए मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार को पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संगठन के बैनर तले एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि जो कार्य उनके विभाग के नहीं है वह भी प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर उनसे करवाए जा रहे हैं।

आयुष्मान कार्ड बनाने का मूल कार्य स्वास्थ्य विभाग का है लेकिन यह कार्य सचिव एवं रो. सहायकों से करवाया जा रहा है। इसके साथ ही उज्वल योजना का कार्य खाद्य विभाग का है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर यह कार्य भी सचिवों एवं रोजगार सहायकों से करवाया जा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि सांडाहेड़ी के रोजगार सहायक रामबाबू लववंशी के साथ संकल्प यात्रा के दौरान मारपीट हुई लेकिन कालीपीठ थाने में आवेदन देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सारंगपुर के सचिव बृजराज सिंह उमठ को अंत्येष्टी सहायता हितग्राही के परिजनों को न देने पर निलंबित कर दिया गया जबकि संबंधित मृतक की मौत फांसी लगाने से हुई थी। इसलिए पात्र न होने के कारण राषि प्रदाय नहीं की गई थी।

#### मंत्री से ये मांग भी रखी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यों का ईएमबी मूल्यांकन आज दिनांक तक नहीं किया जा रहा है। ई-मूल्यांकन जिले में लागू करवाया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे ज्ञापन में रखी गई हैं। इस अवसर पर पंचायत सचिव संगठन जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, रोजगार सहायक संघटन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर सहित विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

### उपभोक्ता आयोग ने कहा वाहन बीमा धारकों से धोखा बर्दाश्त नहीं

# वाहन दुर्घटना क्लेम मामले में उपभोक्ता के पक्ष में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

वाहन दुर्घटना क्लेम के एक मामले में बीमाधारक वाहन मालिक को अनावश्यक परेशान करने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने वाहन मालिक के पक्ष में फैसला सुनाया है। इसके साथ ही इन्श्योरेंस कंपनी को ताकीद किया कि उपभोक्ताओं से धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### क्या है पूरा मामला

अभिभाषक जेपी शर्मा ने बताया कि 6 दिसंबर 2021 को कुलेंद्र राठौर की कार का ब्यावरा के पास एक्सीडेंट हुआ था। दुर्घटना के बाद वाहन मालिक राठौर ने तत्काल थाने एवं इफको टोकियो बीमा कंपनी को सूचना दी। कंपनी ने नुकसान के आंकलन के लिए सर्वेयर विकास लववंषी को भेजा जिसने 1 लाख 80 हजार रुपए का नुकसान होना बताया। कंपनी को यह राशि ज्यादा लगी तो उसने असीम अली नाम के दूसरे सर्वेयर से नुकसान का आंकलन करवाया। इस दूसरे आंकलन में वाहन मालिक को सिर्फ 64 हजार के लगभग ही राषि मिल रही थी। उपभोक्ता कुलेंद्र अपने साथ हो रहे छल को समझ गया और स्वयं के व्यय पर तटस्थ सर्वे करवाया जिसमें वाहन में वास्तविक नुकसान 1 लाख 70 हजार 96 रुपए होना पाया गया। लेकिन, कंपनी यह राशि देने के लिए तैयार नहीं हुई। इस पर राठौर ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। फोरम ने आवेदक राठौर के पक्ष में फैंसला सुनाते हुए नुकसान की राशि 1 लाख 70 हजार 96 रुपए मय 7 फीसदी ब्याज के साथ देने का निर्णय पारित किया। यह राशि कंपनी को 2 माह की अवधि में भुगतान करने का आदेश उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे, सदस्य श्रीमती सीमा सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना द्वारा सुनाया गया है।



# 'हम तो अपनी गठरी लेकर अवध नगरिया जाएंगे'

#### हिंदी जागृति मंच ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

हिंदी जागृति मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी, व्याख्यान एवं विमर्श का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय कालापीपल के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर वह दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में व्याख्यान के क्रम में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से आह्वान किया कि आज के परिपेक्ष्य में हम सभी को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद ने हर सत्य को जानने का प्रयास किया। गुरु के प्रति आस्था और विश्वास नहीं उन्हें नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बना दिया। काव्य गोष्ठी के क्रम में हिंदी जागृति मंच की सदस्य अंबिका गर्ग ने अपनी प्रस्तुति देते हुए 'तेरा मासूम सा चेहरा है, उस पर पीर गहरी है। तुझे पढ़ने की चाहत में, नजर तुझ पर ही ठहरी है' का काव्य पाठ किया। विनोद परमार ने 'राम में बस गया, सारा भारत भी है। राम मानवता की परिभाषा भी है।' का पाठ किया। राजेश मालवीय ने 'तू पहचान खुद को और आजमा ले अपने आप को। तू ढाल बनाकर हार की और बना शमशेर हर श्राप को।' का शानदार पाठ किया।




हरीश पाटीदार द्वारा 'हिलियम हाइड्रोजन में जब घमासान होता है, तो संलयन से गुजरे वह देदीप्यमान होता है।' कविता का शानदार पाठ किया। डॉ. हरीश पथिक ने 'हम तो अपनी गठरी लेकर अवध नगरिया जाएंगे। रामलला के चरणों में हम पल-पल शीश झुकाएंगे।' राम गीत गाकर राम भक्ति का संचार किया। भास्कर परमार ने 'यह मंजर और भी अच्छा होता, सब बच्चों के कंधे पर जो बस्ता होता' गजल सुनाकर जमकर तालियां बटोरी।

वहीं मंच के संरक्षक कैलाश नारायण परमार ने मालवी में मनक मनक खे चाय थो, पेलाँ भैया भोत। अब तो अपणा खास भी,भूले नाता गोत। जापानी हाइकु विद्या में- 'जाड़े की ऋतु, बोलबाला शीत का, आहत धूप' सुन कर तालियाँ बटोरी। वही मनीष गौतम द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। काव्य गोष्ठी का संचालन हिंदी जागृति मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर ने किया एवं आभार मंच के सचिव अनिल शर्मा ने माना। हिंदी जागृति बन चुके वरिष्ठ संरक्षक कैलाश नारायण परमार को सर्वसम्मति से हिंदी जागृति मंच का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

**सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया**

# राष्ट्रीय युवा संकल्प दिवस के रूप में महादेव मित्र मंडल ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगर की धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल द्वारा स्थानीय मुखर्जी चौक प्रांगण पर भारतीय संस्कृति की विश्व में धर्मध्वजा फहराने वाले युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के गौरव मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, विशेष अतिथि केरूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर, पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, प्राचार्य शिशु मंदिर जितेंद्र पाठक, सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, ब्रह्म कुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, जनशक्ति युवा मंच के संस्थापक अक्षय सक्सेना द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी एवं समस्त पदाधिकारीकरण द्वारा अतिथियों का मंगल तिलक एवं दुपट्टा पहन कर सम्मानित किया।




इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय विजय वर्गी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए युवाओं को स्वामी के बताए सिद्धांतों का अनुसरण करते समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान करने बाबत संकल्पित क्या। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मंडल द्वारा शाही पगड़ी अयोध्या के श्री राम मंदिर का चित्र के साथ तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर की समस्त सामाजिक एवं धार्मिक संस्था, पत्रकार साथी एवं नगर पालिका के पाषर्दगन तथा सभी उपस्थित गणमान्य तिथियां का मंडल सदस्यों द्वारा मंगल तिलक एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

# विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। इस इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव के द्वारा अपने भाई अजब सिंह यादव की स्मृति में विद्यालय को प्रदान की गई स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श विनोद यादव,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव द्वारा किया गया। योग दिवस के कार्यकम की अध्यक्षता रामप्रसाद लिम्बोदिया ने की तथा कार्यकम के मुख्य वक्ता की हरिसिंह केशवाल रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जगदीश लववंशी, पार्षदगण कैलाश यादव, महेश यादव, राधेश्याम यादव, नरेन्द्र यादव, अजब सिंह, गणमान्यजन, अभिभावकगण उपस्थित रहे। योग दिवस पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, 253 छात्र छात्राओं सहित सभी अतिथियों ने योग शिक्षक महेश पवांर के निर्देशन में सूर्य नमस्कार लगाए। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार ने किया। कार्यक्रम का संचलन अनिल यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश सोनी ने किया।



## समूचे जिले में युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

#### उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हुआ जिला स्तरीय आयोजन



**राजगढ़।** जिले में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से एक साथ एक संकेत पर प्रसारित किया गया। जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर सहित विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ किया गया। उसके पश्चात स्वामी विवेकानंद के विश्व प्रसिद्ध शिकागो उद्बोधन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। तत्पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया।

### जिपं अध्यक्ष और विधायक के बीच तीखी बहसबाजी से शुरू हुई बैठक

# विधायक दांगी बोले सभी वार्डों में बराबर क्यों नहीं बांटी गई 14 वित्त की राशि, जिपं अध्यक्ष ने कहा की तब आप विधायक नहीं थे, आपको नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में खासी गहमागहमी और खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया के बीच तीखी बहस के बीच आरंभ हुई।

दरअसल, बैठक की शुरूआत में वर्ष अनुमोदित 14वें वित्त की राशि का मामला उठा। इस पर विधायक दांगी ने कहा कि यह राशि जिपं के सभी 18 वार्डों में बराबर-बराबर वितरित की जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अध्यक्ष को 60 लाख, उपाध्यक्ष को 30 लाख एवं सदस्यों को 15 लाख के कार्य करवाए जाने के लिए राशि दी गई। विधायक दांगी के ऐसा कहने पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि वार्डों में राशि वितरण के समय सभी सदस्यों का अनुमोदन एवं सहमति ली गई थी। जब यह बैठक हुई थी तब आप विधायक नहीं थे। इसलिए आप मत बोलिए। वैसे भी यह राशि अभी तक नहीं आई है। जिपं अध्यक्ष सौंधिया और विधायक दांगी के बीच करीब 5 मिनट तक यह बहसबाजी चलती रही। इस बीच जिपं अध्यक्ष ने यह भी कह दिया कि विधानसभा चुनाव में मैने आपके क्षेत्र में विरोध में काम किया था इसलिए आप अनावष्यक बहसबाजी कर रहे हैं। बैठक में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जिपं उपाध्यक्ष पर्वत यादव सहित जिला पंचायत के सभी सदस्य, जिपं सीईओ अक्षय तेम्रवाल सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद थे।



#### पेटी पर चल रहे हैं जल निगम के अधिकतर कार्य

बैठक में जल निगम की जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में पानी पहुंचाने के संबंध में चल रही योजना के बारे में जब चर्चा हुई तो अधिकतर काम पेटी ठेकेदारों से करवाए जाने का मसला उठा। विधायक दांगी ने विभाग के अधिकारी से कहा कि आप कागजी आंकड़ी बता रहे हैं जबकि कई गांवों में पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। इसके जवाब में जल निगम के महाप्रबंधक जैन ने कहा कि अधिकांश गांवों में पानी समय पर पहुंचाया जा रहा है। कंइ ग्राम पंचायतों ने पानी का उपयोग किया लेकिन 20 पंचायतों पर 26 लाख रुपए से अधिक की बिल राशि बकाया चल रही है। जैन ने सदन को आष्वस्त किया कि मार्च 2024 तक जिले की सभी विधानसभाओं, ब्लॉकों में प्रस्तावित सभी गांवों में पेयजल की निरंतर सप्लाई आरंभ हो जाएगी।

#### मंत्री पंवार बोले क्या रेफर हो रही हैं प्रसूताएं

बैठक में जब स्वास्थ्य विभाग की बारी आई तब सीएमएचओ किरण वाडिवा ने जिले में स्वीकृत, रिक्त और भरे और पदों की जानकारी सदन को दी। इस दौरान मंत्री पंवार ने सीएमएचओ से कहा कि अक्सर हम सुन रहे हैं कि बगैर कारणों के जिला अस्पताल से रोजाना प्रसूताओं को बाहर के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। बगैर किसी गंभीर कारण के प्रसूताओं को रेफर करने पर लगाम लगाइए।

#### इन विभागों की योजनाओं पर भी हुई चर्चा

बैठक में उद्यानिकी, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सदन एक स्वर में विभाग प्रमुखों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आमजनों की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। शासन की राशि का सदुपयोग हो और अगर ऐसा नहीं होगा तो सभी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

**खबर संक्षेप**

## युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया नमो एप डाउनलोड



**आष्टा।** सीहोर से देवास जाते समय आस्था मोहिनी रेस्टोरेंट पर अल्प समय के लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ता की एक बैठक आहूत हुई। जिसमें राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर की। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं के मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड करी युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद का कर्म जोशी के साथ स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मनीष धारवा, निलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, पंकज नाकोड़ा, मोहित सोनी, महामंत्री पवन वर्मा, बुल्लू, अमन वर्मा, अनमोल गहलोत, कुलदीप जैन, अवनीश पिपलोदिया, सुमित मेहता, आकाश सुराणा, अनिमेष सोनी, विजय मेवाड़ा, अभिराज ठाकुर उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में किया गया सूर्य नमस्कार

**आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन महाविद्यालय परिवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य एवं जन भागीदारी अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा ने योग का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को कहा कि वर्तमान युग में व्यक्ति बहुत अधिक तनाव में रहता है। अतः योग ही है जो आपको इस तनाव से मुक्त कर सकता है। कुलदीप जाटव के द्वारा सूर्य नमस्कार के 12 आसनों को करवाया गया तथा छात्र-छात्राओं को प्रत्येक आसान के महत्व के बारे में तथा उससे आपको क्या लाभ होगा इसकी संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हा योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें क्योंकि वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली इतनी बदल गई है कि उसे 24 घंटे में एक घंटा भी अपने शरीर के लिए नहीं निकल पाता लेकिन अगर हम आधे घंटे भी नित्य योग करते हैं तो वर्तमान में हम विभिन्न अवसादो से मुक्ति पा सकते हैं।

### नहीं दिख रहा पुलिस का खौफ, आए दिन हो रहे लड़ाई-झगड़े

# सीएम राइज स्कूल के छात्रों के बीच फिर मारपीट, आए दिन हो रहे विवाद





आये दिन खुलेआम हों रहे लड़ाई झगड़ो से नागरिकों में भय का वातावरण,पुलिस और स्कूल प्रबंधन नही ले रहा लड़ाई झगड़ो को गंभीरता से। अगर इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में आये दिन खुलेआम लड़ाई झगडे आम बात हो गईं है और आये दिन हो रहे इन लड़ाई झगड़ो से मानो पुलिस का कोई खोफ ही नजर नही आ रहा या कहे पुलिस का इस और ध्यान ही नही है। बीते दिनों नाबालिक युवक युवती के प्रेम प्रसंग के चलते दीन दहाड़े विवाद हो गया तो शहर का कन्नौद रोड़ स्थित सीएम राइज स्कुल तो जैसे गुंडा तत्वों का अड्डा बन चुका हो! यह आये दिन के स्कूली छात्रों के बीच मारपीट, लड़ाई झगड़े हो रहे है अब तो आये दिन हो रहे विवादों से सभ्य नागरिक में अपने बच्चो के लिए चिंता सता रही है और इस स्कूल में पढ़ने जाने वाले अन्य छात्रों के मातापिता में यह डर सता रहा की कहीं उनके बच्चो के साथ कोई घटना ना घट जाए। आपको बता दें की बीते कुछ माह में सीएम राइज स्कूल और मुगली रोड़ स्थित मॉडल स्कूल में छात्रों के बीच कई बार विवाद हो चुके है लेकिनस्कूल प्रबंधन और पुलिस की उदासीनता के चलते यह लड़ाई झगड़े रुकने का नाम ही नही ले रहे हैनागरिकों की मांग हे की शहर में आये दीन खुलेआम हो रहे है लड़ाई झगड़ो को पुलिस गंभीरता से ले नही तो किसी भी दिन यह विवाद बड़े रुप ले लेंगे और कोई बड़ी घटना घट जाएगी। सीएम राइज स्कूल बना गुंडागर्दी का अड्डा, एक सप्ताह में लडाई झगडे की दूसरी घटनासीहोर जिले का सबसे बड़ा सीएम राइज स्कूल जिसमें लगभग 3 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। और शिक्षा का यह मंदिर विद्यालय कम पढ़ने वाले छात्रों की गुंडागर्दी का अड्डा ज्यादा बनता जा रहा है हालत ऐसे हो गए है की एक सप्ताह में दूसरी बार यह के छात्रों में जमकर मारपीट और लड़ाई झगड़े हुऐ है इस दौरान सबसे व्यस्ततम मार्ग कन्नोड रोड पर इस स्कूल के होने से लड़ाई झगड़े से भीड़ जमा हो जाती है और जाम की स्थिति पैदा हों जाती है शनिवर को भी यहीं हुआ और इन छात्रों के लड़ाई झगड़ो से ट्रैफिक जाम हों गया!वही स्कूल और पुलिस विभाग इन छात्रों के लड़ाई झगड़ो को गंभीरता से लेता हुआ दिखाई नही दे रहा है लिहाजा लडाई करने वाले छात्रों पर कोइ ठोस स्कूली कार्यवाही या पुलीस कार्यवाही नही होने से एक सप्ताह में दुबारा छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हो गईं जिसके चलते इन्हे मामूली चोटे भी आईं जिसका उपचार सिविल अस्पताल में करवाया गया। पुलिस और स्कूल प्रबंधन को इन विवादो को गंभीरता से लेने की जरूरत है नही तो भविष्य में किसी भी बड़ी घटना से इंकार नही किया जा सकता। इस मामले में सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान का कहना है कि ऐसा तो कोई विवाद स्कूल में नहीं हुआ है। आज प्री बोर्ड परीक्षा हुई थी उसके बाद छात्र एक साथ निकले हैं।भीड़ शायद उसी की होगी।फिर भी देखता हूं क्या मामला है।

# बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने की कार्रवाई

**कनेक्शन काटने के साथ उपकरण किए जब्त**



**श्यामपुर।** अवैध कनेक्शन मिलने पर बिजली कंपनी ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

वितरण केंद्र श्यामपुर के अंतर्गत विद्युत बिल के बकाया दारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें विद्युत लाइन विच्छेदन के साथ मोटर जपती और लाइन के तार उतारने की कार्रवाई के साथ कुर्की की जा रही है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन है कि अपने विद्युत बिलों की बकाया राशि का समय पर भुगतान करें व अप्रिय कार्यवाही से बचें। बिल वसूली कार्रवाई सतत जारी रहेगी। इस कार्रवाई में इसके अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन की सघन जांच की जा रही है। जिसमें अवैध रूप से विद्युत का उपयोग पाए जाने पर उपयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। कनेक्शन में अनियमित संबंधी धारा 126 में प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। बकाया राशि के कारण अस्थाई रूप से विच्छेद लाइन पर जांच में लाइन पर जांच में अवैध रूप से उपयोग पाए जाने पर धारा 138 में प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। इस कार्रवाई में सीहोर से जांच दल और वितरण के श्यामपुर से अनिल कुमार चौरे, जितेन कुमार वर्मा, सचिन राठौर, सलाउद्दीन खान, अशोक वर्मा, भैया लाल मीणा, दिनेश ठाकुर, अजय मीणा, रवि कुमार गौर, ताजुद्दीन खान, चॉद शाह सहित समस्त विद्युत स्टाफ सम्मिलित हैं।

# पुष्प स्कूल में किड्स डे पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किड्स डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे, विद्यालय प्रबंधक फादर जुनेडियस टोप्पो, उप प्राचार्या सिस्टर टीना समस्त सिस्टरगण, शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी पालकगणों का स्वागत एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा प्रार्थना गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्त्व को दर्शाते हुए नाट्य प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी बच्चों व शिक्षकगणों की प्रशंसा की। बच्चों में छिपी प्रतिभा को खोजकर उन्हें आगे बढ़ाना ही हमारे विद्यालय का उद्धेश्य है। फादर ने पधारे सभी पालकगणों का आभार प्रकट कर उन्हें धन्यवाद् दिया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# मौसम परिवर्तन के चलते किसानों को सता रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एक पखवाड़े से बढ़ी सर्दी के कारण खेतों में लहलहा रही फसलों पर पाला पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि अभी बढ़वार थमने के साथ ही 10 से 15 फीसदी नुकसान की आशंका है। लेकिन बीते सप्ताह जैसे हालात आगामी सात आठ दिन और रहते हैं तो फसलों में अधिक नुकसान की स्थिति बन जाएगी। पाले के कारण गेहूं, सरसों, चना, मसूर, अरहर आदि के साथ ही सब्जी की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का मानना है कि धूप नहीं निकलती है तो उनकी फसल में भारी नुकसान होगा। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा भी फसलों को पाले से बचाने के लिए विभिन्न विधियों को अपनाने की बात कह रहे हैं। यहां बता दें सर्दी चरम पर होती है तब फसलों के लिए समस्या खड़ी हो जाती है। आष्टा में गेहूं ,चना, मसूर की फसल लहलहा रही है। गेहूं ,मसूर सहित अन्य फसले खेतों में खड़ी हुई हैं। एक पखवाड़े पहले मौसम का मिजाज ऐसा नर्म होना शुरू हुआ है कि आठ दिन से धूप ही नहीं निकली है। आज दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली लेकिन इससे कोई विशेष राहत नहीं मिल सकी। इस कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। सर्दी से सरसों की फली के अंदर जहां दाने पड़ गए, उनके नष्ट होने की स्थिति बन सकती है। जिससे पैदावार और गुणवत्ता पर फर्क पड़ेगा।

# कजलास में आयोजित किया सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर जावर सहित पुरे जिलेभर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह सभी स्कूलों में विद्यार्थियों ने योग और सूर्य नमस्कार किया। यही नियमित योग साधकों ने घर और गार्डन में जाकर योग किया। इसके साथ ही शासकीय हाई स्कूल कजलास में 12 जनवरी 2024 को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने भाग लिया संस्था प्रमुख शंकर लाल गुप्ताा, प्राचार्य शोभालसिंह ठाकुर, बृजलाल पेरवाल ,शोभालसिंह दुदानिया ,विनोद मालवीय ,शाहरुख खान, रवि सोलंकी एवं माध्यमिक शाला से गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष शर्माा, लाखन सोलंकी एवं ग्राम के करण सिंह मालवीय ,बाबूलाल जाटव सरपंच, जय सिंह चौरसिया राम सिंह बामनिया, नरहरि बागवान आदि उपस्थित रहे।

# विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा ने स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती एवं युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया। इस उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर में सुभाष चौक से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया । रैली जो सुभाष चौक नजरगंज से प्रारंभ होकर आष्टा के प्रमुख मार्गो से होती हुई शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पहुची, जहां रैली का समापन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला संयोजक शुभम व्यास ने स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा की स्वामी जी ने युवाओं को बड़ा अनमोल संदेश दिया है कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता। नगर मंत्री रजत सोनी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अखिलेश राजपुत ने मंच का संचालन, नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान ने धन्यवाद प्रेषित किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के विकास डाबी, आनंद जाट, दीपक जैन, श्याम राजपूत, अभिषेक मलासिया, अंश धारवा, अंश राठौर, भरत सोनी, सुमित बगाना, प्रिंस कुशवाह, सौरभ मंडलोई, प्रियांश सोनी, निर्मित जैन, बाला शर्मा, शिवांश परसाई, मनोयन वोहरा, कुणाल जैन, सौरभ वशिष्ठ, आदित्य जैन, अभिराज पटादा, सर्वेश जाटव, राज मेवाड़ा, श्रेयांश सुराणा, अनमोल गहलोत, अनुराग, पंकज गोस्वामी, यश मेहता, आयुष ठाकुर, कृष्णा राठौर, नरेंद्र मंडलोई, संदीप पटेल, तुषार डूमाने, विशाल धाकड़, सुरेन्द्र राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राम भक्तों ने गांव में घर-घर जाकर दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील के ग्राम मेहतवाड़ा में प्रत्येक घर अयोध्या से आए पीले चावल रूपी निमंत्रण भक्तों की टीम ने ढोल धमाके गीत व राम धुन के साथ हर घर तक पहुंचा दिया। ग्राम वासियों ने राम भक्तों का स्वागत बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया। जगह-जगह लोगों ने मिठाइयां बाटी प्रसाद वितरण किया। पुष्प वर्षा के साथ कलश पूजन किया। प्रत्येक घर पर बड़े ही भाव के पूजन अर्चन किया गया।

शनिवार को अंतिम दिवस में राम भक्तों की टीम के साथ सैकड़ो की तादाद में ग्राम वासी भी सम्मिलित हुए और घर-घर निमंत्रण दिया। इस कार्य को सुचारू रूप से व व्यवस्थित हर घर नियंत्रण पहुंचाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने बधाई दी और भविष्य में यही एकरूपता एवं धर्म के प्रति जागृति बनाए रखने की अपील की। सभी राम भक्तों के इस प्रयास को साधुवाद दिया।

साथ ही 16 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी देवस्थानों पर साज सज्जा एवं दीपोत्सव मनाया जाए साथ ही राम मंदिर में भंडारे प्रसाद वितरण सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ या भागवत कथा द्वारा गांव में राम में वातावरण निर्मित हो ऐसा प्रयास हो और समस्त ग्राम पूरा राम में हो जाए ऐसा निवेदन किया। कार्यक्रम के समापन पर जीवन सिंह, पंकज जैन, शोभाल सिंह आचार्य, राजेंद्र केशव, कृपाल सिंह, मोहन आर्य, मुकेश आर्य, रूपचंद जैन, अके सिंह, धर्मेंद्र पहलवान, शोभाल सिंह, कुलदीप सिंह ठाकुर, सुरेंद्र राठौर, जीवनराज द्रविड़, विजेंद्र केशव, राहुल कुंवर, महेश विश्वकर्मा, कुमेर सिंह एवं जावर प्रखंड प्रभारी एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर मेतवाड़ा के खंड प्रभारी विजेंद्र सिंह बाबा और भी राम भक्त इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

### शांति समिति की बैठक में शिक्षा विभाग को दिए निर्देश, अन्य विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

# 26 जनवरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजनः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान सहित राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाए, जिसमें शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों के विधार्थीगण शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व को मनाएं।निर्णायक 26 जनवरी पर शासकीय स्कूलों से जुड़े हुए को नहीं लेंगे।स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक व अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायक नहीं रहेंगे। अच्छे व्यक्ति को निर्णायक बनाएंगे। कार्यक्रम अच्छा करें। उक्त बातें बुधवार की शाम को तहसील कार्यालय परिसर के बैठक कक्ष में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने कहीं।गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम श्री राजावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन और समय पूर्व व्यवस्था के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें स्थल की साफ -सफाई, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शाल-श्रीफल वितरण, मुख्यमंत्री के भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं की आवश्यक तैयारियों को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार नीलम परसेंडिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गजराज सिंह मेवाड़ा, पार्षद हिफ्फजुर्रहमान भैय्या मियां,रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, डॉ सलीम, जाहिद खां गुड्डु, प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान, सीएल पैठारी, विनीत त्रिवेदी, सुनील शर्मा, रामनरेश यादव, बीएस मेवाड़ा, अशोक परसाई,सतीश पंडिया सहित पत्रकार गण व अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

होली मेरी को-एजुकेशनल स्कूल ने 12 जनवरी को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सूर्य नमस्कार और स्वामी विवेकानंद जयंती को महत्व दिया गया। इस अवसर पर स्कूल ने बच्चों को योग शिक्षा दी और उन्हें स्वस्थ जीवन के फायदे समझाने का प्रयास किया। स्कूल के प्रमुख ने बताया कि योग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। इसके अभ्यास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका ध्यान भी सुधार जाता है। होली मेरी को-एजुकेशनल स्कूल की प्राचार्या शीजा के. ने इस कार्यक्रम को सफलता के साथ आयोजित किया। स्कूल ने अपने विद्यार्थियों को स्वस्थ और समर्थ बनाने का संकल्प लिया।